हिन्दी मिलाप

[www.website.com] [Copyright Notice] Hyderabad 15-Nov-18

उन्मुक्त फेस्टिवल के तहत कुक फेस्ट आयोजित

हैदराबाद, 14 नवंबर
(श्रद्धा विजयलक्ष्मी)

अगले माह आयोजित होने वाले उन्मुक्त फेस्टिवल के संदर्भ में आज कुक फेस्ट का आयोजन दि वेस्टिन, हैदराबाद के सहयोग से माइंडस्पेस स्थित होटल के इटालियन रेस्टोरेंट प्रीगो परिसर में किया गया। कार्यक्रम में बीस से अधिक वरिष्ठ महिलाओं ने प्रतिभागिता करते हुए पाककला कौशल का परिचय दिया। अवसर पर दि वेस्टन के प्रबंध-निदेशक रोहित धर तथा केवी कांप्रेक्सेज की प्रबंध निदेशिका मोनीमीता सरकार उपस्थित थीं।

प्रेस विज्ञप्ति द्वारा प्राप्त जानकारी के अनुसार, आगामी 15 व 16 दिसंबर को हाईटेक्स में वरिष्ठ नागरिकों से जुड़े विविध विषयों पर आधारित उन्मुक्त फेस्टिवल का आयोजन किया जाएगा। गूगल, अपोलो हॉस्पिटल्स, हेल्पएज इंडिया, हेरिटेज फाउंडेशन इंडिया आदि के सहयोग से आयोजित होने वाले कार्यक्रम में वरिष्ठ नागरिकों से जुड़ी आवश्यकताओं तथा सुविधा प्रदाताओं के बीच के अंतर को कम करते हुए अनुकूल पारिस्थितिक तंत्र स्थापित करने का प्रयास किया जाएगा। कार्यक्रम के संदर्भ में उन्मुक्त नॉलेज सीरीज का आयोजन किया जा रहा है। कुक फेस्ट इस श्रृंखला का दूसरा आयोजन है। इसके पूर्व पिछले माह वरिष्ठ नागरिकों को ऑनलाइन सुरक्षा से जुड़े विषय पर गूगल परिसर में कार्यक्रम आयोजित किया गया।

एक्जीक्यूटिव शेफ महेश पडाला के निर्देशन में आयोजित कार्यक्रम में महिलाओं ने पिज्जा, पास्ता, सैलेड, सूप जैसे इटालियन व्यंजन बनाये। प्रतिभागियों ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि कुकफेस्ट का आयोजन उनके लिये एक विशेष अनुभव है। जहाँ वेस्टन जैसे स्टार होटल के प्रोफेशनल शेफ के दिशा-निर्देश में कार्य करने तथा व्यंजनों को बनाने व उनकी प्रस्तुतीकरण को सीखने का अवसर प्राप्त हुआ।

केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग
ई-निविदा आमंत्रण सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से कार्यकारी अभियंता, एचसीडी-I, सीपीडब्ल्यूडी, हैदराबाद द्वारा निम्नलिखित कार्य (कार्यों) के लिए सीपीडब्ल्यूडी के अनुमोदित एवं योग्य ठेकेदारों से ऑनलाइन **प्रतिशत दर बोलियाँ** आमंत्रित है:

1. एनआईटी सं. 58/2018-19/एचसीडी-I/हैदराबाद, **कार्य का नाम** : एचआरएफ, क्रीडा, हयातनगर, हैदराबाद पर बीज प्रसंस्करण संयंत्र सह भण्डारण भवन का निर्माण। अनुमानित मूल्य : रु. 29,62,059/-, पूर्व धरोहर राशि : रु. 59,241/-, पूरा करने की अवधि : 90 दिन, बोली को प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि एवं समय : 22-11-2018 को अपराह्न 03-00 बजे।

2. एनआईटी सं. 59/2018-19/एचसीडी-I/हैदराबाद, **कार्य का नाम** : क्रीडा, संतोषनगर, हैदराबाद पर आवासीय कॉलोनी में 6 नग डी-टाइप क्वार्टर्स का नवीकरण/अपग्रेडेशन। अनुमानित मूल्य : रु. 30,58,823/-, पूर्व धरोहर राशि : रु. 61,176/-, पूरा करने की अवधि : 120 दिन, बोली को प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि एवं समय : 22-11-2018 को अपराह्न 03-00 बजे।

बोली प्रपत्र एवं अन्य विवरण वेबसाइट **www.tenderwizard.com/CPWD** से प्राप्त किये जा सकते हैं। यह प्रेस सूचना **www.eprocure.gov.in** पर भी उपलब्ध है।